**Unnat Bharat Abhiyaan – Prabhat Khabar**

## IIIT रांची ने उन्नत भारत अभियान में गांव के छात्रों को दिया करियर गाइड, साइंस का नया नजरिया



*IIIT Ranchi Unnat Bharat Abhiyan*

**IIIT Ranchi Unnat Bharat Abhiyan:** उन्नत भारत अभियान (UBA) के तहत IIIT रांची ने गोद लिए गांव मालश्रिंग, कांके प्रखंड में दो दिवसीय शैक्षणिक व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. यह कार्यक्रम निदेशक प्रो. राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और सहायक प्रोफेसर डॉ संधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीण विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया.

**IIIT Ranchi Unnat Bharat Abhiyan:** भारत सरकार की प्रमुख पहल उन्नत भारत अभियान (UBA) के अंतर्गत भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT रांची) द्वारा गोद लिए गए गांव मालश्रिंग (कांके प्रखंड), रांची में दो दिवसीय शैक्षणिक और जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. यह आयोजन IIIT रांची के निदेशक प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में और समन्वयक डॉ संधीर कुमार सिंह (सहायक प्रोफेसर) के नेतृत्व में संपन्न हुआ.

**Unnat Bharat Abhiyaan – Prabhat Khabar**

**IIIT Ranchi का करियर काउंसलिंग**

कार्यक्रम का पहला चरण 8 अगस्त 2025 को "उच्च शिक्षा हेतु करियर काउंसलिंग" विषय पर आयोजित हुआ. इसमें राजकीयकृत मध्य विद्यालय, मालश्रिंग के विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, निरंतर प्रयास और उचित मार्गदर्शन के महत्व पर प्रेरणादायक जानकारी दी गई.

साथ ही कक्षा 10 और 12 के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा, वास्तुकला, कानून, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और कृषि के क्षेत्र की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया. विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि सही योजना और कौशल विकास के माध्यम से कैसे वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं.

दूसरा चरण 12 अगस्त 2025 को "विज्ञान एवं गणित जागरूकता शिविर" के रूप में आयोजित हुआ. इस अवसर पर डॉ. संधीर कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों का प्रदर्शन किया और उनके सिद्धांतों को सरल और रोचक तरीके से समझाया. इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान और गणित के प्रति जिज्ञासा और रुचि बढ़ाना था. छात्रों ने प्रयोगों को नजदीक से देखकर और समझकर विषयों के प्रति अधिक उत्साह महसूस किया.

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का लक्ष्य**

कार्यक्रम में डॉ ऋषिकेश दत्त तिवारी, डॉ गौरव सुन्दरम, डॉ नूपुर और डॉ अमित सिंह ने भी सक्रिय योगदान दिया. इनके प्रयासों से आयोजन को और भी प्रभावी और सार्थक बनाया गया. इस कार्यक्रम के माध्यम से IIIT रांची ने एक बार फिर यह साबित किया कि वह ग्रामीण विकास, शिक्षा के उत्थान और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के अपने संकल्प को लेकर पूरी तरह समर्पित है.

इस मौके पर IIIT रांची के निदेशक **प्रो. राजीव श्रीवास्तव** ने कहा कि उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत ऐसी पहलें ग्रामीण विद्यार्थियों को उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं और अकादमिक जगत एवं सामाजिक समुदाय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करती हैं. उन्होंने टीम के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाने के प्रयासों की सराहना की.

**Source:** [https://www.prabhatkhabar.com/education/iiit-ranchi-under-the-unnat-bharat-abhiyan-in-adopted-village-malshring](https://www.prabhatkhabar.com/education/iiit-ranchi-under-the-unnat-bharat-abhiyan-in-adopted-village-malshring) Date: 13.08.2025 10:51 PM